पाठ-10 → अनोखी चिड़िया

I नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) कीवी कहाँ का राष्ट्रीय पक्षी है?
⇒ कीवी न्यूज़ीलैंड का राष्ट्रीय पक्षी है।

ख) कीवी की तसवीर देखकर मोहित ने पापा से क्या पूछा?
⇒ कीवी की तसवीर देखकर मोहित ने अपने पापा से पूछा कि कीवी कौन सी चिड़िया है? और राजन चाचा की अधिकतर चिट्ठियों पर इस चिड़िया का ही चित्र क्यों बना होता है?

ग) कीवी की शारीरिक बनावट कैसी होती है? तीन-चार वाक्यों में लिखिए।
⇒ कीवी लगभग चूजों के नाप की होती है। उसका शरीर गोल-मटोल और उसके पंख हलके भूरे रंग के होते हैं। उसकी चोंच लंबी और पैनी होती है और नाक से जुड़ी हुई होती है। उसके छोटे-छोटे पैर होते हैं और पूँछ नहीं होती है।

घ) कीवी कहाँ रहती है और क्या-क्या खाती है?
⇒ कीवी घने जंगलों में रहती है। वह केंचुए, कीड़े-मकौड़े और कंद-मूल खाती है।

ङ.) कुछ ऐसे पक्षियों के नाम लिखिए जो उड़ नहीं सकते और बताइए कि वे पक्षी कहाँ पाए जाते हैं ?

→ कीवी, एमू, रिया, शुतुरमुर्ग, पेंग्विन आदि ऐसे पक्षी हैं जो उड़ नहीं सकते।
कीवी - न्यूज़ीलैंड में पाई जाती है।
एमू, रिया - ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में पाये जाते हैं।
शुतुरमुर्ग - अफ्रीका में पाया जाता है।
पेंग्विन - अंटार्कटिका और दक्षिणी महासागर की बर्फ़ीली धाराओंवाले द्वीपों में पाई जाती है।

II सही उत्तर पर ✓ लगाइए।

क) मोहित को क्या इकट्ठा करने का शौक था ?
☐ चिट्ठी ☑ डाक टिकट ☐ तसवीर

ख) कीवी की नाक किस काम में उसकी सहायता करती है ?
☑ खाना ढूँढ़ने में ☐ उड़ने में ☐ खाना खाने में

ग) कीवी खुद को बचाने के लिए कहाँ जाकर छिपती है ?
☐ अपने घोंसलों में ☐ लोगों के घरों में
☑ लंबी-लंबी झाड़ियों में

III दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए।

क) रानी और मोहित एक साथ लिफ़ाफ़े पर झपटे।

(लिफ़ाफ़ा / लिफ़ाफ़े)

ख) कीवी लगभग चूज़ों के नाप की थी। (चूज़ों / चूज़ा)

ग) कीवी का शरीर हलके भूरे रंग के पंखों से भरा था। (पंख / पंखों)

घ) राजन चाचा से चिड़ियों के बारे में पूछेंगे। (चिड़ियाँ / चिड़ियों)

IV वाक्य बनाइए।

क) राष्ट्रीय - मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।

ख) निवासी - हम भारत के निवासी हैं।

ग) जंगल - शिकारी जंगल में शिकार करने जाता है।

घ) स्वभाव - रमेश एक शांत स्वभाव का लड़का है।

V सही विशेषण शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए।
घना, राष्ट्रीय, शर्मीला, लंबी, नन्हे-नन्हे, अधिकतर, छोटी-छोटी, पैनी

	विशेषण	संज्ञा		विशेषण	संज्ञा
क)	अधिकतर	चिट्ठियाँ	ङ)	पैनी	चोंच
ख)	राष्ट्रीय	पक्षी	च)	घना	जंगल
ग)	नन्हे-नन्हे	पंख	छ)	लंबी	नाक
घ)	छोटी-छोटी	टाँगें	ज)	शर्मीला	स्वभाव

VI नीचे दिए गए शब्दों को अनुस्वार लगाकर फिर से लिखिए।

क) दन्त → दंत	घ) चम्पक → चंपक
ख) घण्टा → घंटा	ङ) कङ्घा → कंघा
ग) मञ्चन → मंचन	च) अन्दर → अंदर

VII पृष्ठ ३१ में दिए गए 'शब्द-अर्थ' को याद करके कॉपी में लिखिए।

VIII अभ्यास पुस्तिका से -

पृष्ठ 32, 33 से क्रमांक 2, 3, 4 और 5 पुस्तक में करवाए जाएँगे।

—×—

पाठ : 10 → अनोखी चिड़िया Workbook

2. प्रश्नों के उत्तर लिखो—

क. राजन चाचा की चिट्ठी कहाँ से आई थी?

⇒ राजन चाचा की चिट्ठी न्यूज़ीलैंड से आई थी।

ख. भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन है?

⇒ भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर है।

ग. कीवी की खास बात क्या है?

⇒ कीवी पक्षी की खास बात यह है कि वह उड़ नहीं सकती।

3. नीचे लिखे शब्दों को उदाहरण के अनुसार अलग-अलग वर्णों में लिखो—

आनंद = आ + न + न् + द

मोहित = मो + हि + त

चिट्ठी = चि + ट् + ठी

पिक्चर = पि + क् + च + र

सहायता = स + हा + य + ता

धन्यवाद = ध + न् + य + वा + द

4. इनमें से विशेषण शब्दों को अलग करो और लिखो—

राष्ट्रीय पक्षी, लंबी चोंच, छोटी टाँगें
घने जंगल, शर्मीली चिड़िया, नन्हे पंख

1. राष्ट्रीय 2. लंबी 3. छोटी
4. घने 5. शर्मीली 6. नन्हे

5. दिए गए शब्दों के समान अर्थवाले शब्द वर्ग-पहेली से ढूँढ़कर लिखो—

1. चिड़िया ......पक्षी.......
2. चित्र ......तसवीर.......
3. खाना ......भोजन.......
4. शौक ......रुचि.......
5. सुबह ......सवेरा.......
6. दुम ......पूँछ.......
7. वन ......जंगल.......
8. प्रतीक्षा ......इंतज़ार.......

प		जं	त		
क्षी	रु	ग	स	वे	रा
	चि	ल	वी		पूँ
इं	त	ज़ा	र		छ
			भो	ज	न

—x—